संख्या-23/1912 ई-2/तेरह-2014-37/1999

प्रेषक,

सुनील कुमार पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
आगरा।

आबकारी अनुभाग-2 लखनउ::दिनांक 07 नवम्बर,2014

विषय:- मेसर्स डॉली बार एण्ड रेस्टोरेन्ट को टी0डी0आई0 माल फतेहाबाद रोड, आगरा में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को सम्बोधित अपने पत्र संख्या-180/आब0सहा0/जि0आ0अ0/आगरा, दिनांक 09 सितम्बर,2014 का संदर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 09 सितम्बर,2014 के साथ प्राप्त आयुक्त, आगरा मण्डल, आगरा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बार समिति की बैठक दिनांक 29-8-2014 में की गई संस्तुति एवं इसी संदर्भ में आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद के पत्र संख्या-जी-96/दस-लाइसेंस-12/खण्ड-5/एफ0एल0-6-7/बार अनु0/2011-12/ आगरा, दिनांक 16 सितम्बर,2014 में व्यक्त की गई संस्तुति तथा अन्य समस्त सुसंगत अभिलेखों पर सम्यक् विचारोपरान्त मेसर्स डॉली बार एण्ड रेस्टोरेन्ट एफ0एल0-7 बार अनुज्ञापन को 46, गोपीचन्द शिवहरे रोड, सदर बाजार, आगरा से टी0डी0आई0 माल फतेहाबाद रोड, आगरा में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में शासन की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

कृपया इस सम्बन्ध में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सुनील कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-23/1912(1) ई-2/तेरह-2014, तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को उनके पत्र संख्या-जी-96/दस-लाइसेंस-12/खण्ड-5/एफ0एल0-6-7/बार अनु0/2011-12/ आगरा, दिनांक 16 सितम्बर,2014 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार पाण्डेय)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in